Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to open a trauma centre in Gunnaur, Uttar Pradesh.

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय । आज मुझे अपने लोक सभा क्षेत्र से संबंधित अति महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने का मौका मिला है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में गुन्नौर विधान सभा क्षेत्र आता है, जो संभल जिले का हिस्सा है । आजकल कभी ओवरटेकिंग, कभी हाई स्पीड, और कभी ड्रिंक आदि की वजह से सड़क दुर्घटनाएं एक सामान्य सी बात हो गई हैं । हाल ही में हमारे गुन्नौर क्षेत्र में ट्रैक्टर और बस का एक्सीडेंट, बस और फोर-व्हीलर का एक्सीडेंट, ट्रैक्टर और टू-व्हीलर का एक्सीडेंट हुआ है और इन एक्सीडेंट्स में बहुत से लोगों की आकस्मिक मृत्यु हुई है । उन्हें बचाने में हम सफल इसलिए नहीं हो पाए, क्योंकि गुन्नौर का व्यक्ति इलाज के लिए एक्सीडेंटल केस लेकर अलीगढ़ जाता है और अलीगढ़ गुन्नौर से लगभग 70 किलोमीटर की दूर है । अगर वह बदायूं मेडिकल कॉलेज जाता है, तो उसकी दूरी लगभग 85 किलोमीटर है । इतनी लंबी दूरी होने की वजह से अगर हम एक्सीडेंटल पेशेंट को लेकर जाते हैं तो लगभग डेढ़ से पौने दो घण्टे की दूरी तय करते हैं, जिसकी वजह से हम सीरियस केस को बचाने में असमर्थ होते हैं । अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहती हूं, अनुरोध करना चाहती हूं कि हमारी गुन्नौर लोक सभा में एक ट्रामा सेंटर खुलवाया जाए, जिससे गुन्नौर के साथ-साथ अन्य आस-पास के क्षेत्रों को भी लाभ मिल सके ।